हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 अगस्त 2026

04 नरेश बने अध्यक्ष, गोपाल उपाध्यक्ष



07 श्रावण माह के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की निकली...



समाचार संक्षेप

शिवाजी ऑटो यूनियन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

गुना। सावन के अंतिम सोमवार को शिवाजी ऑटो यूनियन की जिला स्तरीय बैठक रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अशोक रजक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सैकड़ों ऑटो चालकों ने सर्वधर्म समभाव और संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में ऑटो चालकों की मांग पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें नकुल यादव को नगर अध्यक्ष, सोनू ओझा को जिला उपाध्यक्ष और टिमटिम ऑटो की ओर से गणेशपाल को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक रजक ने सभी चालकों से ऑटो पर अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने और निर्धारित भाड़ा ही लेने की अपील की। नियुक्ति पर चालकों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पमालाओं से नए पदाधिकारियों का स्वागत कर मिठाई वितरित की।

जामनेर पुलिस ने गुमटी में सेंधमारी करने वाला आरोपी दबोचा

गुना। जिले की जामनेर थाना पुलिस ने गुमटी में सेंधमारी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुए नगदी रुपए बरामद किए हैं। दरअसल 21 अगस्त 26 को फरियादी राजू सैनी निवासी ग्राम जामनेर द्वारा जामनेर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि जामनेर मंडी गेट के पास स्थित उसकी पान की गुमटी से दिनांक 20-21 अगस्त की रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक कूटर एवं 3000 नगदी चोरी कर ली गई है। उसकी रिपोर्ट पर जामनेर थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 181/26, धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों एवं सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। गत दिवस मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर जामनेर थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अंधेर सिंह पुत्र लाल सिंह जादौन निवासी जामनेर, जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया।

बीनागंज में पुलिस ने दबोचे जुआरी

गुना। जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज की श्रीमाल कॉलोनी में जुआ खेलते 5 जुआरी पुलिस ने दबोचे हैं। जिनके पास से 12,300 रूपये नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि में चाचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज की श्रीमाल कॉलोनी में कुछ व्यक्तियों के जुआ खेलने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कल्ला पुत्र महेश प्रजापति, सतीश पुत्र दशरथ मीना, पवन उर्फ चुम्मा पुत्र भगवान सिंह मीना, रवि पुत्र मंगल सिंह मीना एवं विनोद पुत्र महेश शर्मा सभी निवासी बीनागंज, थाना चाचौड़ा के बताए। पुलिस द्वारा मौके से 12,300 रूपये नगदी एवं ताश की एक गड्डी विधिवत जप्त कर सभी पांचों आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

किराये के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

गुना। जिले के बमोरी थाना अंतर्गत ग्राम मसूरिया में महाराष्ट्र से गांव लौटने के दौरान गाड़ी के किराये के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दंपती पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित बब्लू खैरूआ अपनी पत्नी हरबाई और गांव के अन्य लोगों के साथ महाराष्ट्र से वाहन किराये पर लेकर मसूरिया लौटे थे। बब्लू का आरोप है कि गांव के धर्मेंद्र खैरूआ ने वाहन चालक को पूरा किराया नहीं दिया, जिसका भुगतान बब्लू ने स्वयं किया। जब बब्लू इस संबंध में बात करने गया, तो आरोपी धर्मेंद्र, कृष्णा, सुशील और गिरधारी खैरूआ ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से हमला कर दिया। घटना के बाद जान से मारने की धमकी मिलने पर पीड़ितों ने थाने पहुंचकर नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रसूति वार्ड में घुटनों तक पानी, कुछ घंटों की बारिश में अस्पताल बना तालाब

अंधेरे से निकालकर जच्चा-बच्चा को जनरल वार्ड में किया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के म्याना कस्बे में रविवार को कुछ घंटों की झमाझम बारिश ने स्वास्थ्य और नगरीय व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। हालात ऐसे बने की मरीजों को राहत देने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद पानी से घिर गया। अस्पताल के प्रसूति वार्ड में देखते ही देखते घुटनों के नीचे तक पानी भर गया। वार्ड में आधा दर्जन से अधिक प्रसूताएं अपने नवजात शिशुओं के साथ भर्ती थीं। इसी बीच बिजली गुल होने से परेशानी और बढ़ गई। आनन-फानन में अस्पताल स्टाफ और परिजनों ने जच्चा-बच्चा को पानी से निकालकर जनरल वार्ड में शिफ्ट किया। यहां उन्हें दूसरे मरीजों के साथ रखने की व्यवस्था करनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद म्याना कस्बे में तेज बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। कुछ ही घंटों में सडक़ों पर पानी बहने लगा और निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश लगातार जारी



रहने से पानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तक पहुंच गया। शाम होते-होते हालात बिगड़े और पानी अस्पताल के प्रसूति वार्ड के अंदर घुसने लगा। शुरुआत में वार्ड के फर्श पर जमा हुआ पानी कुछ ही समय में तेजी से बढ़ गया। देखते ही देखते वार्ड में घुटनों के नीचे तक पानी भर गया। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वार्ड में रखा हल्का सामान पानी में तैरने लगा। सबसे बड़ी चिंता यहां भर्ती प्रसूताओं और उनके नवजात बच्चों की सुरक्षा को लेकर थी।

बिजली गुल, बढ़ी मुसीबत स्टाफ ने संभाला मोर्चा

जलभराव के बीच बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। अंधेरे और पानी के बीच अस्पताल स्टाफ तथा मरीजों के अटेंडरों ने मोर्चा संभाला। प्रसूति वार्ड में भर्ती आधा दर्जन से अधिक जच्चा-बच्चा को तत्काल वहां से सुरक्षित निकालने का काम शुरू किया गया। एक-एक कर सभी को जनरल वार्ड में पहुंचाया गया। जगह की कमी के कारण प्रसूताओं और नवजात शिशुओं को सामान्य मरीजों के साथ ही रखने की व्यवस्था करनी पड़ी। अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह के प्रसूति वार्ड में इतनी मात्रा में पानी भरने की घटना ने व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासतौर पर प्रसव के बाद महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए साफ-सफाई और संक्रमण से सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण होती है।

सड़क से अस्पताल तक जलभराव, खुली पोल

तेज बारिश का असर केवल अस्पताल तक सीमित नहीं रहा। कस्बे की निचली बस्तियों और कई सड़कों पर भी पानी जमा हो गया। कुछ घंटों की बारिश में जिस तरह स्वास्थ्य केंद्र के अंदर तक पानी पहुंच गया, उसने जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गनीमत रही कि अस्पताल स्टाफ और परिजनों ने समय रहते प्रसूताओं और नवजात शिशुओं को दूसरे वार्ड में पहुंचा दिया और किसी तरह की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।

प्राचार्य को हटाने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

ग्रामीण बोले- कार्रवाई नहीं हुई तो बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और खुलने भी नहीं देंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आरोन विकासखंड के घटावदा स्थित शासकीय स्कूल में छात्राओं की पानी की बोतल में मूत्र मिलाने के मामले का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। घटना के करीब एक सप्ताह बाद अब ग्रामीणों ने प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने तीन दिन के भीतर प्राचार्य को स्कूल से हटाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर बच्चों को स्कूल नहीं भेजने और स्कूल नहीं खुलने देने की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 18 अगस्त को स्कूल में हुई घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। आरोप लगाया गया कि मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। यदि कोई कार्रवाई की भी गई तो ऐसे शिक्षकों पर की गई, जो घटना वाले दिन स्कूल में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे मामले को जातिगत रूप दिए जाने से गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। स्कूल के प्राचार्य की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर तीन दिन के भीतर उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें संस्था से हटाया जाए।

कांग्रेस नेता पर संगठन की गाज

होटल में युवतियों के साथ मिले ब्लॉक अध्यक्ष को पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

जिले के चांचौड़ा स्थित एक निजी होटल में पुलिस की दबिश के दौरान युवतियों के साथ मिले ब्यावरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी पर आखिरकार पार्टी संगठन की गाज गिर गई। होटल का मामला सामने आने के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्रवाई करते हुए दांगी को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटा दिया है। इतना ही नहीं, उन्हें कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी निष्कासित कर दिया गया है।

हालांकि होटल मामले में राहुल दांगी ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वे केवल चाय पीने के लिए होटल में रुके थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कमले द्वारा 23 अगस्त को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में राहुल दांगी के कथित रूप से अनैतिक कार्यों में संलिप्त होने का मामला आया है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ऐसे कृत्यों का विरोध करती है और इस तरह की मानसिकता के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर दांगी को पदमुक्त करने के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया



है। दरअसल पूरा मामला गुना जिले के चांचौड़ा से जुड़ा है। शनिवार शाम पुलिस ने मनोहरथाना रोड स्थित निजी होटल राज पैलेस में सूचना के आधार पर दबिश दी थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान होटल के कमरों से तीन युवक युवतियों के साथ मिले थे। इनमें ब्यावरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी भी शामिल बताए गए थे। उनके अलावा गुना निवासी उमाकांत पुरी और बीनागंज निवासी इंद्र सिंह मेहर को भी पुलिस ने पकड़ा था। मामला सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई थी। पुलिस ने युवतियों के परिजनों को भी बुलाया था, लेकिन उनकी ओर से किसी तरह की शिकायत नहीं की गई। इसके बाद युवतियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं युवकों और होटल मैनेजर के खिलाफ शांति भंग करने संबंधी कार्रवाई कर उन्हें तहसीलदार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जमानत मिल गई थी। पुलिस जांच में होटल में ठहरने वालों से पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं लिए जाने की बात भी सामने आई थी। इसके चलते होटल मैनेजर हर्षवर्धन राजपूत को भी कार्रवाई के दायरे में लिया गया। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी फुटेज जब्त कर संचालक की भूमिका की भी जांच शुरू की थी।

चार महीने पहले सजी थी डोली, मायके में फंदे पर झूलती मिली नवविवाहिता

परिजनों ने पति से विवाद और मारपीट का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महज चार महीने पहले शादी के बंधन में बंधी करीब 20 वर्षीय नवविवाहिता की मायके में फांसी लगाने से मौत हो गई। मृतिका की पहचान ग्राम दुदई निवासी अंजलि सहरिया के रूप में हुई है। रविवार को पिता उसे ससुराल ग्राम धाननखेड़ी से व्रत और सावन के चलते मायके लेकर आए थे। परिजनों का आरोप है कि कुछ देर बाद उसका पति भी वहां पहुंच गया और दोनों के बीच विवाद हुआ। माता-पिता शाम को घर लौटे तो अंजलि कमरे में फंदे पर लटकी मिली। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



मृतिका के पिता के अनुसार अंजलि की शादी करीब चार महीने पहले ग्राम धाननखेड़ी निवासी मयंक सहरिया से हुई थी। रविवार को अंजलि ने व्रत रखा था। परंपरा के अनुसार उसे मायके में व्रत खोलना था। इसी के चलते पिता बेटी को ससुराल से लेकर ग्राम दुदई स्थित अपने घर आए थे। दोपहर करीब 12 बजे दोनों घर पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक अंजलि का व्रत होने के कारण शाम को उसे व्रत खोलना था। पिता ने उससे कहा कि वह घर पर खाने की तैयारी कर ले, वे गुना से जरूरी सामान लेकर लौटेंगे। इसके बाद माता-पिता मजदूरी के काम से गुना चले गए। आरोप है कि माता-पिता की गैरमौजूदगी में अंजलि का पति मयंक भी दुदई पहुंच गया। यहां पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मृतिका के मायके पक्ष का आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद पति ने अंजलि के साथ मारपीट की और घर में रखे सामान में भी तोडफ़ोड़ की। इसके बाद क्या घटनाक्रम हुआ, इसकी जांच की जा रही है। शाम को अंजलि के माता-पिता काम से घर लौटे तो बेटी को कमरे में फंदे पर लटका देखकर उनके होश उड़ गए। कुछ ही देर में आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। नवविवाहिता संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

खेत में चारा काट रहे किसान पर टूटा 11 केवी लाइन का तार, मौत

गुना। खेत में चारा काट रहे एक किसान की ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय क्षेत्र में आकाशीय बिजली चमक रही थी। इसी दौरान अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर किसान के ऊपर आ गिरा। तेज करंट लगने से किसान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान उत्तम सिंह पुत्र मदनलाल निवासी पिपरौदा मैना रामगिर कला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उत्तम सिंह खेत पर पशुओं के लिए चारा काटने गए थे। इसी दौरान मौसम बिगड़ा और आकाशीय बिजली चमकने लगी। तभी खेत के ऊपर से निकली 11 केवी बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आते ही उत्तम सिंह गंभीर रूप से झुलस गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। करंट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उनके घुटने के ऊपर का हिस्सा बुरी तरह जल गया और बड़ा जख्म बन गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया।

छोटा शिवालय मंदिर से निकली पालकी यात्रा, विधायक जयवर्धन सिंह हुए शामिल

अंतिम सोमवार: कांवड़ियों ने महादेव का किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना / राघौगढ़

सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को शहर से लेकर अंचल तक शिवभक्ति का रंग छाया रहा। सुबह की पहली किरण के साथ शिवालयों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कहीं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक हुआ तो कहीं दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। जिले की प्राचीन शिव गुफाओं और प्रमुख शिव मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

अंतिम सोमवार का सबसे बड़ा आकर्षण शहर में निकली विशाल कांवड़ यात्रा रही। धर्म रक्षा समितियों और साधु-संतों के सानिध्य में आयोजित यात्रा में हजारों महिला-पुरुष और युवा कांवड़ लेकर शामिल हुए। भगवा रंग में रंगे कांवड़ियों के जत्थे, डीजे पर बजते शिव भजन और भोलेनाथ के जयकारों ने पूरे शहर को शिवमय कर दिया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत शहर के समीप स्थित गुप्त गंगा सिंगवासा से हुई। यहां विधि-विधान से ध्वज और कलश पूजन किया गया। इसके बाद कांवड़ियों ने अपनी कांवड़ में पवित्र जल भरा और गाजे-बाजे के साथ गंतव्य की ओर रवाना हुए। यात्रा कैंट



क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए हनुमान चौराहा पहुंची। यहां से हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, बैजू चौराहा, भगत सिंह चौक, बोहरा मस्जिद चौराहा और हनुमंता मंदिर के सामने से गुजरते हुए बूढ़े बालाजी स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते शहरवासियों ने कांवडियों का उत्साह से स्वागत किया। अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई और श्रद्धालुओं के लिए जलपान व प्रसादी की व्यवस्था रही। नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने के बाद हजारों कांवडय़ाों ने कांवड़ में लाए पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भोलेनाथ के जयकारों के बीच भंडारे और प्रसादी वितरण के साथ धार्मिक आयोजन का समापन हुआ।

इधर राघौगढ़ में भगवान महादेव की पालकी यात्रा हर हर महादेव के जयकारों के साथ उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब पालकी यात्रा छोटा शिवालय समिति द्वारा पालकी बाबा महाकाल की शाही पालकी यात्रा निकाली गई। राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने पालकी में सम्मिलित होकर भगवान शिवजी की पूजन अर्चन कर



शिव कृपा शिवपालकी उठाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस अवसर पर हर हर महादेव के जय करो से पूरा नगर शिव में हो गया। महादेव से प्रार्थना है कि वह समस्त क्षेत्र वासियों की जीवन में सुख शांति समृद्धि प्रदान करें तथा सबका मंगल करें हर हर महादेवइससे पहले नगर के सभी शिव मंदिरों में अभिषेक और पूजन का दौर चला बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार आकर्षित किया गया। नगर में भव्य पालकी निकली गई बाबा महाकाल की पालकी में सबसे बैंड चल रहा था। इसके आर्केस्ट्रा बीच बर्फ से बनाई शिवलिंग प्रतिमा जो आकर्षण का केंद्र ही नगर के लोगों लोगों का उत्साह देखते ते ही बनता है वहीं भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह बंटी के द्वारा पालकी यात्रा में पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया।

चौड़ाखेड़ी रेलवे स्टेशन के पास वारदात

ड्राइव टेस्टिंग के दौरान इंजीनियर का लैपटॉप चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रेलवे में ड्राइव टेस्टिंग के लिए कोटा से रूठियाई की ओर आ रहे एक व्यक्ति का लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। चौड़ाखेड़ी रेलवे स्टेशन पर टेस्टिंग पूरी करने के बाद उसने लैपटॉप बैग में रख दिया था। कुछ देर बाद देखा तो बैग से लैपटॉप गायब था।

मामले में जीआरपी थाना गुना ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी पुलिस के अनुसार फरियादी अविनाश कुमार पुत्र जयप्रकाश राय उम्र 32 वर्ष, निवासी जिला वैशाली बिहार ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि गत दिवस वह ड्राइव टेस्टिंग के सिलसिले में कोटा रेलवे स्टेशन से रूठियाई स्टेशन की ओर आ रहा था। वह रूठियाई-कोटा-बीना मेमो से यात्रा कर रहा था। इसी दौरान चौड़ाखेड़ी रेलवे स्टेशन पर ड्राइव टेस्टिंग का काम किया गया। टेस्टिंग पूरी होने के बाद अविनाश ने अपना लैपटॉप बैग में रख दिया और ट्रेन के गेट के पास खड़ा हो गया।

कुछ ही समय बाद उसने बैग चेक किया तो लैपटॉप गायब मिला। आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। चोरी हुआ लैपटॉप लेनोवो कंपनी का ई 14 जी3 मॉडल बताया गया है। फरियादी ने लैपटॉप का सीरियल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। शिकायत के आधार पर जीआरपी गुना ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अब चोरी गए लैपटॉप और आरोपी की तलाश में जुटी है।

समाचार संक्षेप

जिले का बढ़ाया गौरव : मुख्यमंत्री ने पुलिस निरीक्षण को पदक देकर किया सम्मानित




गुना। राष्ट्रपति द्वारा दिया जाने वाला सराहनीय सेवा पदक डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन ने लाल परेड मैदान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुन्जेश श्रीवास्तव पुलिस निरीक्षक को प्रदान किया गया। कुंजेश श्रीवास्तव राघौगढ़ के निवासी हैं और वर्तमान में पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा अपने निजी स्टाफ में काम करने का अवसर दिया गया है। पूर्व में भी कोविड 19 में सराहनीय सेवा पदक मिलने पर अथक परिश्रम एवं कर्त्तव्यपरायणता हेतु कर्मवीर योद्धा पदक से वर्ष 2024में सम्मानित किया जा चुका है। उनको धर्मवीर सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, विष्णु साथी, उमाशंकर भार्गव, शिवम श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं प्रदान की।

चेतना साहित्य एवं कला परिषद की सावन मास के पर्व पर कवि गोष्ठी संपन्न



गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा डॉक्टर ओपी व्यास के स्वनिवास नई सडक पर श्रावण मास के पावन पर्व पर कवि गोष्ठी हरीश सोनी की अध्यक्षता,भीडाक्टर ओ पी व्यास के मुख्य आतिथ्य गोविंद राव मोरे के विशिष्ट आतिथ्य तथा सलाउद्दीन शिकवा के सारस्वत अतिथि में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कवि गोष्ठी का संचालन चेतना साहित्य एवं कला परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामवीर शर्मा ने किया। सभी अतिथियों ने भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। सरस्वती वंदना परिषद के अंकेक्षक हरीश सोनी ने सुनाई। संचालन करते हुए रामवीर शर्मा ने बढ़ती हुई महंगाई पर भाव व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्ण रजत का भाव बढ़ाया और बढ़ाया धनिया, मेरा मूल्य पीदहाई क्यों फेंकते फिर रहे बनिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष को किया सम्मानित



कुम्भराज। सकल दिगंबर जैन समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष विवेक जैन विक्की का सेन समाज द्वारा स्वागत और सम्मान कृषि मंडी के कृषक भवन में सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें तिलक लगाकर, साफा बाधकर, शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर, श्रीफल भेट किया गया. इस दौरान सेन समाज के सभी प्रबुद्ध जन

चौरसिया समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव पत्रकार भवन में संपन्न

नरेश बने अध्यक्ष, गोपाल उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चौरसिया समाज के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में नरेश चौरसिया ने जीत दर्ज करके अध्यक्ष पद हासिल किया है। वहीं उन्होंने तत्काल ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गोपाल चौरसिया को उपाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत कर दिया। गोपाल चौरसिया इस चुनाव में उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी थे जो अब सहयोगी की भूमिका निभाएंगे। स्थानीय देवेंद्र सिंह मधुरानी लोढा पत्रकार भवन में रविवार को चौरसिया समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस चुनाव में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाज के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान आकर्षण का मुख्य केंद्र परिसर में बनाया गया सेल्फी पॉइंट रहा, जहाँ समाजजनों ने जमकर तस्वीरें खिंचवाईं।



रोमांचक मुकाबले में मिली जीत

चुनाव में दो उम्मीदवारों गोपाल चौरसिया और नरेश चौरसिया ने अपना नामांकन दाखिल किया था। मतदान प्रक्रिया रविवार को 12 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसके तुरंत बाद शाम 5:30 बजे से वोटों की गिनती शुरू हुई। इस कड़े मुकाबले में कुल 534 वोट डाले गए, जिनमें से 11 वोट निरस्त हो गए। कुल 523 वैध मतों में से नरेश चौरसिया को 286 वोट और गोपाल चौरसिया को 237 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार नरेश चौरसिया ने 49 वोटों के अंतर से जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

कार्यकारिणी का विस्तार और स्वागत

जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश चौरसिया ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गोपाल चौरसिया को समाज का उपाध्यक्ष घोषित किया। इस अवसर पर समाज के सभी उपस्थित लोगों ने पूर्व अध्यक्ष सुभाष चौरसिया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश चौरसिया और उपाध्यक्ष गोपाल चौरसिया को फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अक्षय चौरसिया, निर्वाचन अधिकारियों और चुनाव समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उनका भी स्वागत किया गया।

सहयोगियों की उपस्थिति

इस पूरी चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में विशेष योगदान रहाः संरक्षकः सुभाष चौरसिया (पूर्व अध्यक्ष), रमेश चौरसिया,मनोज चौरसिया,बालमुकुंद चौरसिया, रामसिंह चौरसिया, राधारमन चौरसिया। निर्वाचन अधिकारीः राजवेंद्र चौरसिया, भानुप्रताप चौरसिया, देवेंद्र और अक्षय जय चौरसिया। चुनाव समिति के सदस्यः जितेंद्र, धर्मेश चौरसिया, विवेक चौरसिया, अनिल चौरसिया, नरेन्द्र बिट्टू, सुनील चौरसिया और सौरभ निक्की चौरसिया एवं समस्त नवयुवा मंडल गुना।

पुलिस जवानों संग बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर श्री स्वामी रामानंद बाल गोकुलम, कुंभराज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक अनूठी और सराहनीय पहल की। संस्थान के छोटे-छोटे बच्चों ने कुंभराज पुलिस स्टेशन पहुंचकर वहां तैनात पुलिसकर्मियों और जवानों को राखी बांधी और उनकी दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिन-रात समाज और क्षेत्र की सुरक्षा में तत्पर रहने वाले पुलिस जवानों के साथ त्योहार की खुशियां बांटने के उद्देश्य से बच्चे शिक्षिकाओं और प्रतिनिधियों के साथ थाना परिसर पहुंचे। बच्चों के आगमन पर पुलिस स्टेशन का माहौल खुशनुमा हो गया। नन्हे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ जवानों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा, उनका तिलक किया और मिठाइयां खिलाईं। सुरक्षा का मिला आश्वासन, जवानों के चेहरे खिलेअपने घर-परिवार से दूर त्योहार के दिन भी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बच्चों के इस स्नेह भरे व्यवहार पर खुशी जताई। जवानों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया, उनका मार्गदर्शन किया और उपहार स्वरूप उपहार व चॉकलेट भेंट कीं। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा समाज और उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।

शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में 30 अगस्त को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय शिक्षक संघ के आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित स्वतंत्रता पार्क में शिक्षकों की



एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) का कड़ा विरोध करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ हुंकार भरी गई। शिक्षकों ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि परीक्षा के विरोध में वे 30 अगस्त को दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर पहुंचकर बड़ा प्रदर्शन करेंगे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने सरकारों की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कानून आमतौर पर नौकरी की सुरक्षा देने के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन यह देश का पहला ऐसा नियम है जो वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षकों को नौकरी से हटाने की मंशा से लाया गया है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि केंद्र सरकार इस पर अध्यादेश लाकर तुरंत सुधार करे और देश भर के लगभग 25 लाख शिक्षकों को संशय व अनिश्चितता के माहौल से मुक्त करे। बैठक में मौजूद सभी शिक्षकों ने सर्वसम्मति से परीक्षा का पूरी तरह से बहिष्कार करने और दिल्ली आंदोलन में शामिल होने की शपथ ली। शिक्षकों ने मांग की है कि नियम में आवश्यक संशोधन कर टीईटी परीक्षा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, ताकि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

आरोन में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, देवपुर धाम के लिए रवाना हुए शिवभक्त

हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

सावन मास के पावन अवसर पर आरोन के सनकादिक आश्रम से देवपुर धाम स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के लिए भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा सनकादिक आश्रम से प्रारंभ होकर इंदिरा पार्क, लक्ष्मी टॉकीज, स्टेट बैंक चौराहा, पुराना बस स्टैंड, मेंनबाजार, गुलाबगंज चौराहा, दास हनुमान मंदिर, नया बस स्टैंड, नवीन कृषि मंडी होते हुए देवपुर धाम के लिए रवाना हुई।कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष करते हुए करीब 40 किलोमीटर की यात्रा पर रवाना हुए। कांवड़ियों का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं रास्ते में विभिन्न स्थानों पर केले, खीर और फरारी खिचड़ी जलपान सहित प्रसादी का वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की गई।शिवभक्तों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कावड़िये नंगे पैर पवित्र जल लेकर देवपुर धाम पहुंचे, जहां



बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

आरोन में कांवड़ यात्रा का पत्रकार संघ ने किया स्वागत

आरोन के सनकादिक आश्रम से देवपुर धाम स्थित बाबा विश्वनाथ के लिए निकाली भव्य कांवड़ यात्रा का आरोन में पत्रकार संघ द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान पत्रकार संघ के सदस्यों ने कावड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया तथा केले और पानी की प्रसादी का वितरण किया। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ करीब 40 किलोमीटर की यात्रा पर रवाना हुए। कांवड़िये नंगे पैर पवित्र जल लेकर देवपुर धाम स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया इस अवसर पर पत्रकार संघ के सदस्यों ने कहा कि धार्मिक यात्राएं आस्था के साथ सेवा और सामाजिक एकता का संदेश भी देती हैं। कावड़ियों की सेवा और स्वागत करना सौभाग्य की बात है। स्वागत के दौरान पत्रकार संघ के सदस्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष रेडक्रॉस समिति डॉ जयमंडल सिंह यादव,डॉ विजय सिंह सहायक प्राध्यापक,जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव की उपस्थिति में किया गया।

सत्र आरंभ 2026 -27 के शुभ अवसर पर सरस्वती पूजन, अतिथि सत्कार व एमएसडब्ल्यू की छात्रा ईशा शर्मा द्वारा सरस्वती माता का गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मलकीत सिंह संधू ने कहा जन अभियान समाज सेवा का अभियान है। नशा न करने को लेकर भी अपना वक्तव्य दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ जय मंडल सिंह यादव ने कहा में भी एमएसडब्ल्यू का छात्र रहा हूं। यहां छात्र नहीं नए समाजसेवी गड़े जाते हैं। एमएसडब्ल्यू कोर्स के बाद एक नया प्लेटफार्म तैयार होगा। डॉ विजय सिंह ने कहा कि इस कोर्स को करने से ग्रामीण क्षेत्र में नेट तो करने एवं जैविक कृषि पर भी कार्य करने हेतु प्रकाश डाला। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने परिषद की अवधारणा एवं एमएसडब्ल्यू के कोर्स एवं कोर्स से वर्ष भर के कैलेंडर के बारे में समझाया। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने मुख्यमंत्री सामुदायिक विकास पाठ्यक्रम कोर्स के संबंध में जानकारी प्रदान की।



कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना अशोकनगर शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 05 व केन्द्र क्रमांक 16 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मात्र 4 बच्चे केन्द्र पर उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी सहायिका केन्द्र पर उपस्थित नहीं थी बताया गया कि यह बच्चो को लेने गई हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र पर साफ-सफाई भी नहीं पाई गई, केन्द्र अव्यवस्थित पाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र पर समय-सारणी अनुसार कोई भी गतिविधि संचालित होना नहीं पाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र का नियमित रूप से सही संचालन नहीं किये जाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ आंगनबाड़ी केन्द्र के हितग्राहियों नही मिलने पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिडे द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का 8-8 दिवस का मानदेय तथा तृप्ति शर्मा पर्यवेक्षक की 8 दिवस का वेतन काटा गया है।

स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, कुपोषण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, बच्चों के पोषण स्तर, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले तथा कुपोषित एवं अति-कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी करते हुए आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कार्रवाईः पुलिस ने 3 स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार



अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कदवाया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए न्यायालय ईसागढ़ से जारी प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ईसागढ़ के ट्रू क्रमांक 189/19 में आरोपी महेन्द्र पुत्र रामदीन जाटव उम्र 20 वर्ष, खेमचंद पुत्र तुलाराम जाटव उम्र 28 वर्ष एवं विजय पुत्र तुलाराम जाटव उम्र 30 वर्ष, तीनों निवासी ग्राम पचावली, थाना रन्नौद, जिला शिवपुरी के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी थे। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी कदवाया ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर ग्राम पचावली, थाना रन्नौद, जिला शिवपुरी रवाना की। पुलिस टीम द्वारा ग्राम में पहुंचकर वारंटियों के संबंध में स्थानीय स्तर पर जानकारी एकत्रित की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर वारंटियों के करखा रन्नौद की ओर जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल रन्नौद पहुंचकर उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार तलाश एवं घेराबंदी करते हुए तीनों स्थाई वारंटियों को बस स्टैंड रन्नौद से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर सहित अधिकारियों ने किया पौधरोपण



अशोकनगर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को राजस्व कॉलोनी, अशोकनगर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय, अपर कलेक्टर देवीनंदन सिंह एवं संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान, अशोकनगर जी. गिरवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार का संदेश दिया। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल भी आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में अभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सुबह की भोर से ही सभी शहर के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के अभिषेक किए गए। सुबह से ही श्रद्धालुओं को मंदिरों में जाते हुए देखा गया। किसी ने व्यक्तिगत जाकर तो किसी ने परिवार के साथ जाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। अभिषेक किया और भोले बाबा से अपने घर परिवार में सुख समृद्धि और संपन्नता की कामना की।

पंचामृत से अभिषेक किया

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सावन माह के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा



उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक किया एवं गंगाजल एवं कच्चे दूध से जलाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार उन्होंने बताया कि आज बहुत ही उत्तम योग बना हुआ है जिसमें प्रीति योग राजहंस योग आयुष्मान योग एवं बुद्धादित्य योग भी बना हुआ है। इस शुभ अवसर पर गणेश गौरी एवं स्वामी कार्तिक तथा नंदीश्वर एवं। वासुकी नाग की पहले पूजन की गई बाद में भगवान भोलेनाथ का दूध दही घी शहद शक्कर गंगाजल भांग धतूरा पंचमेवा एवं बिल्व पत्र पुष्पादि से भोले शंकर को सुसज्जित कर अभिषेक किया गया।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की



अशोकनगर। प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की। इस दौरान मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकड़, सांसद प्रतिनिधि लाखन कटारिया सहित मुंगावली-पिपरई क्षेत्र के समस्त जन प्रतिनिधि साथियों के साथ मुख्यमंत्री से भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, जनकल्याण एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री का स्नेह, मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी है। उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

शाढ़ौरा में लोकल यूथ सर्वेयरों ने सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

मध्यप्रदेश सहायक पटवारी संगठन के बैनर तले सोमवार को शाढ़ौरा तहसील के डिजिटल लोकल यूथ सर्वेयरों ने तहसीलदार गौरी शंकर को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष हरीशचंद्र चिडार के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष विवेक यादव के नेतृत्व में सौंपा गया। सर्वेयरों ने ज्ञापन के माध्यम से रबी 2025-26 के फसल सर्वे का लंबित पारिश्रमिक शीघ्र जारी करने की मांग की। इसके साथ ही खरीफ गिरदावरी के दौरान फील्ड में कार्य करने वाले सर्वेयरों को रेनकोट, छाता, जूते,



मोबाइल कवर एवं पहचान पत्र उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। सर्वेयरों ने फील्ड कार्य के दौरान सर्पदंश, करंट एवं फिसलने जैसी दुर्घटनाओं के जोखिम को देखते हुए निःशुल्क दुर्घटना बीमा कराने की मांग भी की। ज्ञापन में सर्वे की दूरी को लेकर भी मांग रखी गई है। सर्वेयरों का कहना है कि 10 मीटर की दूरी पर सर्वे करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है, इसलिए सर्वे की दूरी बढ़ाकर 100 मीटर की जानी चाहिए।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में मारपीट की घटनाओं के दो मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत लल्लू कोरी निवासी डोंगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुंदरलाल और राजा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम किरोंदा निवासी हरवीर कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकृष्ण सेन और मलखान परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में दो स्थानों पर पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने पुरानी कलारी के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए छोटू यादव, विजय कुशवाह, राजेन्द्र राणा को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 3100 रूपए बरामद किए है। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ग्राम डंगोरा फूट में स्कूल के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए जितेन्द्र रघुवंशी, हरपाल यादव,हरिओम श्रीवास्तव,यशवंत अहिरवार, जमना आदिवासी को गिरफ्तार किया है,जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 3560 रूपए बरामद किए हैं।

पुलिस ने मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज किया


अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत 13 अगस्त को सत्याराय, नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी, उक्त घटना में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच सहायक उपनिरीक्षक लता राठौर द्वारा की जा रही थी, उक्त मामले की जांच के बाद पुलिस ने नवीन राठौर व नवीन राठौर की मां सुनीता राठौर निवासी कंडेलगंज ईसागढ को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मरने के लिए उकसया, जिससे तंग आकर सत्याराय ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

ट्रक की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत नवनीत पुत्र ओमप्रकाश जोशी निवासी ग्वालियर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिपरई मुंगावली रोड पर ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 4446 के अज्ञात चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की गाड़ी को टक्कर मार दी जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

रामवीर सिंह के सदस्य नामांकित होने पर दी बधाई

अशोकनगर। भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष, म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सरस्वती शिशु मंदिर की प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी को शासन द्वारा शिक्षा



एवं सामाज सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गए अभिनव कार्यों को देखते हुए म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पी.एम.श्री विद्यालय, सांदीपनि विद्यालय, मॉडल विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।

शहर की सड़कों पर भारी उत्साह देखने को मिला

श्रावण माह के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की निकली भव्य पालकी यात्रा







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रावण माह के अंतिम सोमवार को शहर में भगवान भोलेनाथ की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। शहर के राजा भोलेनाथ भगवान नगर के भ्रमण पर निकले। जगह-जगह भगवान भोलेनाथ की आरती की गई। पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। पूरा शहर शिवमय होता नजर आया।

राजराजेश्वर मंदिर से शुरू हुई पालकी यात्रा

राजराजेश्वर भगवान के मंदिर से शुरू हुई यह पालकी यात्रा शहर में एक अद्भुत नजारा के रूप में नजर आई। पूरा शहर इस पालकी यात्रा में उत्साहित होता हुआ नजर आया जिसे देखो वहीं इस पालकी यात्रा का हिस्सा बनता देखा गया। शहर की सड़कों पर पुरुषों और महिलाओं की भीड़ इस पालकी यात्रा को निहारने के लिए सड़क के दोनों नजर आई। पूरा वातावरण भोलेनाथ की जय जयकारों से गूंज उठा। ओम नमः शिवाय, जय भोलेनाथ बाबा की इस तरह के स्वर भी सुनाई दिए।



पालकी यात्रा में सभी भोले नाथ की भक्ति में डूबे दिखाई दिए



पालकी यात्रा का यह चल समारोह शहर के राजराजेश्वर मंदिर से निकला जहां भगवान शिव और पार्वती राजा रानी के रूप में विराजमान है। यहां से दोपहर 3:00 बजे इस पालकी यात्रा की शुरुआत हुई। गाजे-बांजों और ढोल धमाकों के साथ निकली इस पालकी यात्रा में सब अपनी अपनी प्रस्तुति अलग-अलग ढंग से करते नजर आए।

झांकियां भी चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र रहीं

इस पालकी यात्रा में कई झांकियां भी सजाई गई थी जिसमें एक ओर भोलेनाथ बाबा सवार होकर निकले। वहीं दूसरी ओर बालिकाएं शिव पार्वती के रूप में झांकी में नजर आई, वही दूसरी ओर बालिकाएं राधा कृष्ण के रूप में झांकी में देखी गईं। इसके अलावा कई प्रकार के अघोरी इस पालकी यात्रा में शामिल हुए। यह अघोरी अचंभा लगते देखे गए।

पालकी यात्रा ने शहर को भोलेमय बना दिया

पूरे शहर में यह पालकी यात्रा भव्यता प्रदान करती नजर आई एक ओर बालिकाएं अपनी प्रस्तुति प्रदान कर रही थी तो दूसरी ओर भोलेनाथ की भक्ति में नांचते गाते हुए युवक नजर आए। कोई डमरु बजा रहा था तो कोई लेजम बजाते हुए देखा गया। इस पालकी यात्रा में युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया। बालिकाएं और महिलाएं नांचते गाते हुए नजर आईं।

घर-घर से आरती की गई और खुशहाली की कामना की गई

घर-घर से लोगों ने भोलेनाथ जी की आरती उतारी। अनेक लोगों को पालकी यात्रा में शामिल होते देखा गया। इस तरह पालकी यात्रा के अंत में एक रथ पर शिव पार्वती सवार होकर शहर में निकले। यह पालकी यात्रा राजराजेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, सुराणा चैराहा, इंदिरा पार्क, बिलाला मिल रोड, स्टेशन रोड, गांधी पार्क से निकली जगह-जगह लोग पालकी यात्रा का स्वागत करते हुए नजर आए। इस पालकी यात्रा का समापन राजराजेश्वर मंदिर पर किया गया।

हरिहर मिलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया

इस पालकी यात्रा के शहर भ्रमण के दौरान शहर के सराफा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर हरिहर मिलन का कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया। इस दौरान पालकी यात्रा भक्ति भाव से मंदिर में पहुंची जहां भोलेनाथ का वेलपत्री और तुलसी की माला पहनाई गई। पूरे मंदिर को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। अरूण शर्मा एडवोकेट ने बताया कि यह पहली बार आयोजन हुआ था, यह हरिहर मिलन का कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाएगा।

पुलिस मामले की जांच में जुटी

शिक्षक के साथ अभद्रता और मोबाइल छीनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय विद्यालय फुटेरा नयागांव, विकासखंड ईसागढ़ में पदस्थ शिक्षक रामेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि 24 अगस्त 2026 को विद्यालय परिसर में कुछ लोगों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई तथा उनके हाथ में मौजूद मोबाइल फोन छीनकर ले जाया गया। शिक्षक के अनुसार उन्होंने घटना का वीडियो बनाया था, जिसके बाद विवाद की स्थिति बनी।

शिक्षक रामेंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय परिसर में घटना के दौरान उनके साथियों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। घटना के संबंध में थाना कदवाया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस दस्तावेज में मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना किए जाने का उल्लेख है। राज्य अध्यापक संघ, अशोकनगर के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षकों को भयमुक्त वातावरण मिलना चाहिए। शिक्षक के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता, धमकी अथवा शासकीय कार्य में बाधा की घटना को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए तथा शिक्षक का छीना गया मोबाइल बरामद कराया जाए। साथ ही विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि वह बिना भय के अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

68 हितग्राहियों को 01 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया



अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजनान्तर्गत प्रदेश के 09 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 203 करोड़ रूपये की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। अशोकनगर जिले के 68 हितग्राहियों को 01 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया। एनआईसी कक्ष में आयोजित सिंगल क्लिक कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा हितग्राहियों को राशि अंतरण हेतु स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी सहित हितग्राही उपस्थित हुए।



मध्य भारत प्रांत के पदाधिकारियों की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्य भारत प्रांत के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कई जिलों की इकाईयों सहभागिता की। इस बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉक्टर वैशाली जोशी की प्रमुख उपस्थिति रही। साथ ही मध्य भारत प्रांत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज गुमान सिंह डामोर अखिल भारतीय जनप्रतिनिधि मात्रा सभा विभाग की अखिल भारतीय संयुक्तका डॉक्टर अनुराधा यादव, मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष विवाह रघुवंशी एवं शिवपुरी जिला अध्यक्ष शोभा पुरोहित सहित विभिन्न जिलों से आई मातृशक्ति उपस्थिति रही।

बैठक के विभिन्न सत्रों में आगामी कार्यक्रमों संगठनात्मक रचना संगठन धारणीकरण एवं विस्तार तथा युगानुकूल मातृत्व के माध्यम से संस्कारवान पीढ़ी और सशक्त राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में नवीन दायित्वों की घोषणाओं के साथ संगठन विस्तार भी किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी शहर के संघचालक राजेश गोयल विभाग संघ चालक डॉक्टर गोविंद सिंह एवं देवेंद्र मजे की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में मातृत्व संस्कार परिवार और समाज निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त एवं व्यापक बनाने तथा समाज की अधिक से अधिक मातृशक्ति को जोड़कर सेवा संस्कार और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि परिवार संयुक्तका डॉक्टर अनुराधा यादव के साथ-साथ मध्य भारत प्रांत बाल सभा संयोजिका एवं जिला अध्यक्ष किरण अग्रवाल प्रांत सह संयोजिका नैना शर्मा आदि रहे मौजूद।

रेस्क्यू टीम ने शव को किया बरामद

पुलिया पार करते समय तेज बहाव में बहा युवक

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत नरसूखेडी की पुलिया में बीती रात एक बाईक सवार पुलिया पर पानी होने के दौरान नदी के तेज पानी के बहाव में बह गया। एसडीआरएफ की टीम ने रेसक्यू अभियान चलाकर युवक का शव बरामद किया। घटना की कहानी यह है कि नरसूखेडी निवासी अजय पुत्र बिलासराव मराठा अपने दोस्त के साथ रात 8.30 बजे बाईक से पुलिया पार कर रहा था, अचानक पुलिया में पानी आ गया जिसके तेज बहाव में बाईक निकालने का प्रयास अजय के दोस्त ने जब किया तब अजय बाईक के पीछे बैठा हुआ था, अचानक बह बाईक से नीचे आ गया और पानी के बहाव में बह गया, रात में गांव के लोग भी पहुंच गए और आसपास तलाश की लेकिन अजय का पता नहीं चला। सुबह एसडीआरफ की टीम ने रेसक्यू अभियान चलाया तब युवक एक खजूर के पेड में फंसा पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अजय दिल्ली से अपने गांव के युवक का



इलाज कराकर अपने घर वापिस लौट रहा था, जिस युवक का इलाज कराने के लिए अजय गया था, उसकी मौत हो गई थी और उसके शव को एम्बुलेंस से लाया जा रहा था जबकि अजय किसी अन्य साधन से वापिस आ गया था। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए ईसागढ अस्पताल ले जाया गया। जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार जनों को सौंप दिया।

पूर्व आईएएस रिश्तेदार की स्क्रिप्ट से सीखा था अफसरों का रौब

पिता को भनक तक नहीं, भोपाल से थाने पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पूर्व आईएएस रिश्तेदार की स्क्रिप्ट से सीखा था अफसरों का रौब, पिता को भनक तक नहीं; भोपाल से चंदेरी थाने पहुंचे परिजन और पूरी घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी तृप्ति सिंह राजपूत और उसके जोड़ीदार सुधांशु राजपूत ने चंदेरी के चार युवाओं को मानव संसाधन विकास मंत्रालय में पक्की नौकरी का ऐसा पक्का झांसा दिया कि पीड़ित उनके जाल में फंस गए। फर्जी मैडम के रौब में आकर युवाओं ने अपनी गाढ़ी कमाई के पूरे 9 लाख 80 हजार रुपये आरोपी जोड़ी के पास जमा करा दिए। लेकिन कहते हैं न कि झूठ की बुनियाद पर खड़ी दीवार ज्यादा दिन नहीं टिकती! युवाओं को जब ठगी का अहसास हुआ तो मामला पुलिस तक पहुंचा और दोनों आरोपी अब सलाखों के पीछे् यायिक प्रक्रिया के तहत जब पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया, तो कोर्ट ने शुरुआत में 1 दिन की पुलिस कस्टडी मंजूर की थी। हालांकि, 24 घंटे की इस अल्पावधि में आरोपी पूछताछ के दौरान जानकारी छुपाने और गोल-मोल जवाब देने की कोशिश करते रहे। मामले की गंभीरता और विस्तृत छानबीन की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को पुनः अदालत का दरवाजा खटखटाया और ठोस कानूनी दलीलें पेश कीं। पुलिस के तर्कों और मामले की संवेदनशीलता को स्वीकार करते हुए अदालत ने आरोपियों की 3 दिन (72 घंटे) की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली है।

पूर्व आईएएस रिश्तेदार की स्क्रिप्ट पर चल रही थी मैडम

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी तृप्ति का कोई सगा-संबंधी सच में किसी विभाग में पहले आईए एस अफसर रह चुका है। वहीं से उसने अफसरों के उठने-बैठने, बात करने का सलीका और पूरी अफसरी स्क्रिप्ट समझी थी, जिसका इस्तेमाल वह लोगों को प्रभावित करने में करती थी। मामला उजागर होने के बाद भोपाल से आरोपी युवक-युवती के परिजन चंदेरी थाने पहुंचे हैं। हालांकि, सूत्रों का दावा है कि तृप्ति के पिता को अपनी बेटी की इन गतिविधियों की रत्ती भर भी जानकारी नहीं थी। मास्टरमाइंड कौन? भोपाल से चंदेरी पहुंची इस फर्जी आईएएस के तार मंत्रालय के किन-किन बंद कमरों या बड़े आकाओं से जुड़े हैं? कितने और शिकार? क्या 9.80 लाख रुपयों के अलावा भी राज्य में कई और बेगुनाह इस जालसाज जोड़ी का शिकार बने हैं।

जिले के सभी विभागों ने सीएम हेल्पलाइन में ए व बी ग्रेड की प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सीएम हेल्पलाइन में जिले के सभी विभागों द्वारा ए एवं बी ग्रेड प्राप्त किया गया है। इस कार्य के लिए सभी विभाग बधाई के पात्र हैं। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कही। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रस्तुति सहायता, जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित प्रकरणों में पात्र किसनों के दस्तावेजों एवं अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना से संबंधित प्रकरणों में पात्र महिलाओं को समय पर सहायता राशि का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाईन की पुरानी शिकायतों का निराकरण कराये।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 27 अगस्त को ईसागढ़ विकासखंड में लगेगा शिविर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आगामी 27 अगस्त को विकासखंड ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कदवाया में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उद्यम संवाद का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित किए गए तीनों शिविरों के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को एजेंडा में निर्धारित बिंदुओं के अनुसार नोट तैयार किए जाने निर्देश दिए।


जनगणना 2027 हेतु अद्यतन रिपोर्ट की समीक्षा

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में जिला जनगणना हस्त पुस्तिका का ग्राम तथा नगरीय निकायवार अद्यतन रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया की जनगणना संबंधी कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए।

इच्छाओं का नियन्त्रण ही तप का आमंत्रण है: मुनिश्री

मुनिश्री निरंजन सागर ने धर्म सभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।



मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्यों ने प्रत्येक प्राणी को तपस्वी बनने का मार्ग प्रशस्त करते हुये कहा है इच्छा निरोधः तपः। (जिस संसारी प्राणी ने अपनी इच्छा को रोक लिया है, वह अपने आपमे परम तपस्वी है। जैन दर्शन ही विश्व का एक मात्र ऐसा दर्शन है, जो अपने ऊपर नियन्त्रण के लिये प्रत्येक जीव को प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि हम जितना-जितना अपनी इच्छा को नियन्त्रित करते जाते है उतना-उतना ही तप, संयम आपके द्वारा आमन्त्रित किया जाता है और यही साधना आपको एक दिन भगवान बना देती है। हर व्यक्ति अपने जीवन में उस भगवत सत्ता को प्राप्त करना चाहता है और यह भगवत सत्ता उसे प्राप्त भी हो सकती है,उसके लिये आवश्यक है अपनी इच्छाओ का नियन्त्रण। श्री रामचन्द्र जी ने अपने जीवन में कितनी बार अपनी इच्छा पर नियन्त्रण किया है। जिसके कारण वह आज मर्यादा की पर्याय के रूप में विश्व में अपनी एक अलग ही पहचान रखते है। आज पूरा विश्व रामराज्य चाहता है, परन्तु कोई भी श्री राम जी के द्वारा स्थापित उस मर्यादित जीवन शैली का अनुकरण नही करना चाहता। बिना मन को मारे कभी भी राम नही बना जा सकता है। राम मन को मारते गये-मारते गये और जगत को तारते गये-तारते गये।

इप्टा के कलाकारों ने कोर्ट मार्शन नाटय के पांच श्रृंखला बद्ध प्रदर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की अशोकनगर इकाई ने 3 अगस्त से 23 अगस्त के बीच स्वदेश दीपक के चर्चित नाटक कोर्ट मार्शल के पांच श्रृंखला बद्ध प्रदर्शन किए। रंगकर्म के क्षेत्र में इस सक्रियता ने अपने छोटे से शहर में एक नयी सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण किया।

इस नाटक को 2003 में जाने माने रंगकर्मी अरुण पाण्डेय (1956-2025) ने एक नाट्य कर्यशाला में तैयार किया गया था और तब नाटक के अनेक प्रदर्शन किये गए थे। असमानता को अपनी तरह से व्यक्त करने वाले इस नाटक का डिज़ाइन अरुण पाण्डेय की दृष्टि के अनुरूप ही रखा गया था और इस बहाने एक दिवंगत कलाकार की याद और काम को भी पुनःसृजित किया गया और इस काम में नए-पुराने कलाकारों ने अपनी सहभागिता निभाई।

इस नाटक के मुख्य किरदार का अभिनय कर्नल सूरत सिंह को स्थानीय रंगकर्मी और कवि संजय माथुर ने निभाया। कैप्टन विकास राय की भूमिका चित्रकार और वरिष्ठ रंगकर्मी पंकज दीक्षित ने और कैप्टन पुरी की भूमिका सीमा राजोरिया ने अभिनीत की। अन्य भूमिकाओं में विनोद शर्मा, बृजेंद्र रघुवंशी, अफरोज, भानूप्रकाश रघुवंशी, अरबाज, कबीर, गिरिराज और धुरव के नाम उल्लेखनीय हैं।

शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़, जगह-जगह किया स्वागत, ओमकार सेवा मंडल ने लगाया भंडारा

श्रद्धा से निकाली बाबा बैजनाथ की शाही सवारी, जयकारों से गूंज उठा सारा शहर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल रहा। परंपरानुसार बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही सवारी सोमवार को धूमधाम और भक्तिभाव के साथ नगर भ्रमण पर निकली। दोपहर 11 बजे बड़ा महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ। शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बड़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां बाबा की महाआरती की गई। शाही सवारी के दौरान पूरा नगर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। बैंड, ढोल-नगाड़ों और भक्ति धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। नगरवासियों ने जगह-जगह बाबा की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर शाही सवारी का स्वागत किया। श्रद्धालु मार्ग में पुष्प बिछाते हुए बाबा की पालकी के साथ चलते रहे। शाही सवारी में विधायक मोहन शर्मा, लोकेंद्र वर्मा, मंजुलता शिवहरे, शिव वैध, भरत झंवर, रमेश मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समाजबंधु और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवारी में पहुंचे। शाही सवारी के अवसर पर ओमकार सेवा मंडल की ओर से बलवटपुरा चैराहे पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाजबंधुओं ने शीतलपेय व प्रसादी वितरित कर पालकी यात्रा का स्वागत किया।



शिवालयों में उमड़ी भीड़

सावन के अंतिम सोमवार को बड़ा महादेव, छोटा महादेव, पशुपतिनाथ जल मंदिर, गुप्तेश्वर, खजूर पानी, नादिया पानी एवं कोदू पानी स्थित शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में विशेष पूजन, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक आयोजन हुए। ग्रामीण अंचलों से पहुंची कांवड़ यात्राओं से भी नगर का वातावरण शिवमय बना रहा।

बाबा का किया आकर्षक श्रृंगार

अंतिम सोमवार के अवसर पर मंदिर पुजारियों द्वारा भगवान शिव का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक शिवालयों में दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा।

कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा


इस दौरान जिला कलेक्टर और एसपी ने भी नरसिंहगढ़ पहुंच बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया वहीं उन्होंने मेले का जायजा लिया। इस दौरान साउंड व्यवस्था सही नहीं होने पर नाराजगी भी जताई।

सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किए भोलेनाथ के दर्शन

माचलपुर। सावन के आखिरी सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

बाघा बल्डी पर भगवान शिव-पार्वती का हुआ था विवाह

माचलपुर को प्राचीन समय में हिमाचल : नगरी के नाम से जाने जाने की मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नगर की बाघा बल्डी पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। यहां आज भी विवाह के प्रतीक स्वरूप सात फेरे के निशान मौजूद हैं। मान्यता है कि नवविवाहित जोड़े इन सात फेरों की परिक्रमा कर सुखी और चिरस्थायी दांपत्य जीवन की कामना करते हैं।



मनकामनेश्वर महादेव का हुआ आकर्षक श्रृंगार: सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर नगर के प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आकर्षक श्रृंगार किया गया। मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का बाबा बर्फानी के स्वरूप में किया गया आलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर में दर्शन के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं नगर के स्वयंभू गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष सजावट की गई। मंदिर का अनोखा फूलों से किया गया श्रृंगार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करता नजर आया।



भक्तों ने भगवान गुप्तेश्वर महादेव के दर्शन कर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए। इसी तरह नगर में विराजित बाबा बिल्लेश्वर महादेव भी श्रद्धालुओं की प्रमुख आस्था का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

चार क्विंटल खिचड़ी का प्रसाद

सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर नगर की बाघा बल्डी पर श्रद्धालुओं के लिए करीब चार क्विंटल खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। राधेश्याम सोनी द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर चले इस आयोजन में भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। सावन के अंतिम सोमवार पर नगर के प्रमुख शिवालयों में उमड़ी भीड़ ने माचलपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था की तस्वीर प्रस्तुत की।

नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया, पुष्पवर्षा की, फलाहारी प्रसाद बांटा

नीलकंठेश्वर की शाही सवारी निकाली, झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

सावन के चतुर्थ सोमवार के पावन अवसर पर नगर में भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई राजगढ़ बायपास रोड स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भगवान का आकर्षक श्रृंगार, महाआरती और विधिवत पूजन किया गया। पूजन के बाद बजरंग अखाड़ा के तत्वावधान में भगवान की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। शाही सवारी में भगवान नीलकंठेश्वर महादेव पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान भगवान का श्रृंगार उज्जैन महाकाल की तर्ज पर किया गया था, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शाही सवारी में शामिल मनमोहक चलित झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों पर आधारित झांकियों को देखने के लिए मार्ग में लोगों की भीड़ उमड़ी रही।



अखाड़ा कलाकारों ने दिखाए हैरत अंगेज करतब

शाही सवारी के सबसे आगे बजरंग अखाड़ा के कलाकार चल रहे थे। अखाड़ा के युवाओं ने लाठी, तलवारबाजी और विभिन्न प्रकार के हैरतअंगेज करतब और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर अखाड़ा प्रदर्शन देखते ही बन रहा था नगर में शाही सवारी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर बाबा नीलकंठेश्वर की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया दिनेश यादव मित्र मंडल सहित जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसाद और शरबत का वितरण किया गया।



शिमला बस स्टैंड से शिवाजी बाजार तक गूंजा हर-हर महादेव

शाही सवारी श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शिमला बस स्टैंड, राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराना थाना और पुराना माजिद चैक होते हुए चरणदास जी मंदिर पहुंची जहां हरिहर मिलन एवं महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इसके बाद शाही सवारी हाट बाजार होते हुए पुनः नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां महाआरती और महाप्रसादी के वितरण के साथ भव्य शाही सवारी का समापन हुआ इस अवसर पर राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष कमल यादव सहित समस्त विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए पूरे नगर में दिनभर धार्मिक उत्साह और शिवभक्ति का माहौल नजर आया।

बाबा वटकेश्वर की निकाली शाही सवारी, मंत्री टेटवाल सहित कलेक्टर-एसपी ने किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महादेव मित्र मंडल के तत्वावधान में भूतभावन भगवान भोलेनाथ



बाबा वटकेश्वर की शाही सवारी सोमवार को नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। बाबा वटकेश्वर नगर भ्रमण कर प्रजा का हाल जानने निकले। शाही सवारी को लेकर नगर में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और धर्मप्रेमी नागरिक यात्रा में शामिल हुए। बाबा वटकेश्वर मंदिर से शाही सवारी प्रारंभ होने से पहले राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं मंडल के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक किया। इसके बाद बाबा की पालकी उठाई गई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पालकी की अगवानी की। शाही सवारी में महिला एवं युवा वाहिनी की बालिकाओं ने अखाड़े का आकर्षक प्रदर्शन किया। वहीं भोलेनाथ के गण, भूत, भालू सहित विभिन्न स्वरूपों और कीर्तन मंडल की झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में



जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बाबा की पालकी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान शाही सवारी जब नीलकंठेश्वर मंदिर पहुंची तो कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी वहां पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पहले नीलकंठेश्वर महादेव की आरती एवं पूजा-अर्चना की। इसके बाद बाबा वटकेश्वर की पालकी पहुंचने पर विधिवत पूजन कर आरती उतारी। शाही सवारी कालीसिंध घाट पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने मां कालीसिंध का पूजन कर चुनरी अर्पित की। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से एसडीओपी अरविंद सिंह की उपस्थिति में बाबा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। शाही सवारी के दौरान थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रही। शाही सवारी विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः बाबा वटकेश्वर मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। यात्रा प्रभारी सतीश गिरजे एवं सतीश राठौर ने सभी का आभार माना।

तीन बालकों ने निकाली डाक कांवड़ यात्रा

त्रिवेणी संगम ताखला से सिद्धेश्वर महादेव का किया गया जलाभिषेक



जीरापुर। सावण मास धार्मिक आस्था श्रद्धा भाव को जागृत करते हुए हर व्यक्ति युवा बालक भोलेनाथ की भक्ति भाव में लगा हुआ है जहां देखो वहां भोलेनाथ के जयकारे एवं कांवड़िए महादेव के जलाभिषेक में लगे नजर आ रहे हैं। इसी दौरान नगर के तीन युवा बालकों ने डाक कावड़ यात्रा निकाली। नगर के 'अरविंद मेवाड़े, सचिन कुशवाह और प्रिंस जयसवाल' नामक तीनों बालक 'त्रिवेणी संगम ताखला' पहुंचे। जहां से ऐतिहासिक महादेव मंदिर से जल भरकर डाक कावड़ के रूप में भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए 'गांव माना, धतरावदा' होते हुए लगभग '26 किलोमीटर' की दूरी तय कर नगर के 'पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर' पर पहुंचे और जलाभिषेक किया। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर 'पंडित अनुराग शर्मा महाराज' ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कराया।

26 किमी पैदल लाए जल



ई-अटेंडेंस, सीएम हेल्पलाइन का मामला

लिपिक व भृत्य सस्पेंड, 4 लापरवाह अधिकारियों पर लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर टीएल(टाइम लिमिट) बैठक का आयोजन किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सार्थक अटेंडेंस, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने पर भृत्य मनोज केवट तथा सहायक ग्रेड-3 अमन धुर्वे को निलंबित कर दिया गया।

वहीं नरसिंहगढ़ तहसील के नाजिर पवन विश्वकर्मा द्वारा भी ऑनलाईन उपस्थितों को गंभीरता से न लेने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में 'सी' एवं 'डी' ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के संबंधित अधिकारियों की 01 दिवस का वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। वहीं नॉन-अटेंड शिकायतों पर संबंधित विभागों को नोटिस जारी करने तथा शिकायत अटेंड नहीं करने वाले संबंधित अधिकारी की तीन दिवस की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन निराकरण में बॉटम पांच में रहने वाले दिनेश श्रीवार, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, राजेश राजपूत, एसडीओ पीडब्ल्यूडी हर्षित चैधरी, ऊर्जा विभाग से अजीत भूमरकर एवं उमेश मिश्रा के विरुद्ध प्रति अधिकारी 3 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में द्वितीय रहा जिला

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत राजगढ़ भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में 'ए' ग्रेड प्राप्त किए जाने पर कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों की सराहना की तथा अन्य विभागों को भी इसी प्रकार प्रभावी ढंग से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

सार्थक अटेंडेंस 90 प्रतिशत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनपद पंचायतों में सार्थक अटेंडेंस का प्रतिशत बढ़ाकर 90 प्रतिशत तक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के प्रकरण फाइल पर प्रस्तुत कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उप संचालक कृषि एवं उप संचालक पशुपालन को निर्देशित किया कि हड़ताल पर रहने वाले कर्मचारियों की हड़ताल अवधि का वेतन शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश प्राप्त होने तक आहरित नहीं किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी मंडी सचिवों की कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित कर सार्थक अटेंडेंस एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।